मुख्य पोस्ट मास्टर जनरल डाक परिमंडल, के पत्र क्रमांक 22/153, दिनांक 10-1-06 द्वारा पूर्व भुगतान योजनान्तर्गत डाक व्यय की पूर्व अदायगी डाक द्वारा भेजे जाने के लिए अनुमत.

पंजी. क्रमांक भोपाल डिवीजन
म. प्र.-108-भोपाल-09-11.

मध्यप्रदेश राजपत्र

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 17] भोपाल, शुक्रवार, दिनांक 23 अप्रैल 2010—वैशाख 3, शक 1932

विषय-सूची

भाग 1.—(1) राज्य शासन के आदेश, (2) विभाग प्रमुखों के आदेश, (3) उच्च न्यायालय के आदेश और अधिसूचनाएं, (4) राज्य शासन के संकल्प, (5) भारत शासन के आदेश और अधिसूचनाएं, (6) निर्वाचन आयोग, भारत की अधिसूचनाएं, (7) लोक-भाषा परिशिष्ट.

भाग 2.—स्थानीय निकाय की अधिसूचनाएं.

भाग 3.—(1) विज्ञापन और विविध सूचनाएं.
(2) सांख्यिकीय सूचनाएं.

भाग 4.—(क) (1) मध्यप्रदेश विधेयक, (2) प्रवर समिति के प्रतिवेदन, (3) संसद् में पुरःस्थापित विधेयक,
(ख) (1) अध्यादेश, (2) मध्यप्रदेश अधिनियम, (3) संसद् के अधिनियम,
(ग) (1) प्रारूप नियम, (2) अंतिम नियम.

भाग १

राज्य शासन के आदेश

सामान्य प्रशासन विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 1 अप्रैल 2010

क्र. एफ-19-36-2010-एक-4.—निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009, दिनांक 1 अप्रैल 2010 से प्रभावशील हो रहा है. इस अधिनियम के अनुरूप सभी बच्चों का नामांकन, उनकी शत प्रतिशत उपस्थिति एवं सभी बच्चों की प्रारंभिक स्तर तक शिक्षा पूरी कराना राज्य की संवैधानिक अनिवार्यता है. इसका शुभारम्भ 1 अप्रैल 2010 से ''स्कूल चलें हम अभियान'' के साथ होगी.

''स्कूल चलें हम अभियान'' विगत वर्षों से संचालित किया जा रहा है. इस अभियान का मुख्य उद्देश्य 3 से 14 वर्ष के समस्त बच्चों का सर्वेक्षण एवं इन बच्चों की शिक्षा के लिए आंगनबाड़ी/शाला/ब्रिजिंग की व्यवस्था करना है ताकि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे तथा बच्चों की शिक्षा के प्रति जनसमुदाय को प्रेरित करना है. इसका आरंभ प्रदेश में स्कूल चलें हम अभियान से किया जाएगा. 1 अप्रैल 2010 से 15 अप्रैल 2010 तक प्रथम चरण में संचालित किये जाने वाले स्कूल चलें इसमें निम्नानुसार गतिविधियां संचालित होगी :—

* समुदाय की अधिक से अधिक सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार 15 मार्च से 15 अप्रैल 2010.
* प्रवेशोत्सव 1 अप्रैल 2010.
* प्रत्येक ग्राम में शिक्षा चौपाल का आयोजन 2-4-2010.
* शिक्षा सभा 14 अप्रैल 2010.
* प्रत्येक बसाहट में घर-घर संपर्क के माध्यम से 3 से 14 वर्ष के सभी बच्चों की जानकारी का ग्राम शिक्षा रजिस्टर अद्यतन करना-30 जून से 7 जुलाई 2010 तक.

नियंत्रक, शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री, मध्यप्रदेश द्वारा शासकीय केन्द्रीय मुद्रणालय, भोपाल से मुद्रित तथा प्रकाशित—2010.

''स्कूल चलें हम अभियान'' माननीय मुख्यमंत्री जी की सर्वोत्तम प्राथमिकता का कार्यक्रम है, अतः कृपया संलग्न परिशिष्ट अनुसार आपको आवंटित जिलों के विकासखण्डों में दिनांक 1 से 14 अप्रैल 2010 के मध्य दो दिवस के लिए आवश्यक रूप से भ्रमण कर ''स्कूल चलें हम अभियान'' को प्रभावी बनायें.

सुदेश कुमार, प्रमुख सचिव.

आवंटित जिलों की सूची परिशिष्ट

स.क्र.	अधिकारी का नाम	आवंटित जिला
(1)	(2)	(3)
1.	श्री सत्य प्रकाश	धार
2.	श्री आर. परसुराम	अलीराजपुर
3.	श्री देवेन्द्र सिंघई	मुरैना
4.	श्री अशोक दास	खरगौन
5.	डॉ. राजन एस. कटोच	इन्दौर
6.	श्रीमती लवलीन कक्कड़	उज्जैन
7.	श्री आई. एस. दाणी	सतना
8.	श्री जी. पी. सिंघल	भोपाल
9.	श्री एम. एम. उपाध्याय	भिण्ड
10.	श्री एस. आर. मोहन्ती	राजगढ़
11.	श्री राघव चन्द्रा	शाजापुर
12.	श्रीमती स्नेहलता श्रीवास्तव	मंदसौर
13.	श्री के. सुरेश	रतलाम
14.	डॉ. देवराज बिरदी	रायसेन
15.	श्री मनोज गोयल	ग्वालियर
16.	श्रीमती विजया श्रीवास्तव	शिवपुरी
17.	श्री आलोक श्रीवास्तव	जबलपुर
18.	श्री आर. के. स्वाई	मण्डला
19.	श्री ए. पी. श्रीवास्तव	अशोकनगर
20.	श्री पी. सी. मीना	श्योपुर
21.	श्री सेवाराम	गुना
22.	श्री सुदेश कुमार	देवास
23.	श्री राधेश्याम जुलानिया	बुरहानपुर
24.	श्री दीपक खाण्डेकर	दमोह
25.	श्री प्रभांशु कमल	खण्डवा
26.	श्री अनिल श्रीवास्तव	सीधी
27.	श्री प्रभाकर बंसोड़	पन्ना
28.	श्री के. पी. सिंह	सिंगरौली
29.	श्री एस. पी. एस. परिहार	सिवनी
30.	श्री बी. आर. नायडू	छतरपुर
31.	श्रीमती सलीना सिंह	बालाघाट
32.	श्री मनोज झालानी	सीहोर
33.	श्री अजय तिर्की	बड़वानी
34.	श्री संजय बंदोपाध्याय	उमरिया
35.	श्री मोहम्मद सुलेमान	विदिशा
36.	श्री आशीष उपाध्याय	रीवा
37.	श्री एस. एन. मिश्रा	होशंगाबाद
38.	श्रीमती मधु हाण्डा	हरदा
39.	श्री मनोज गोविल	झाबुआ
40.	श्री अरुण तिवारी	शहडोल
41.	श्रीमती सुधा चौधरी	नीमच
42.	श्री ओमेश मूंदड़ा	कटनी
43.	श्री प्रदीप खरे	बैतूल
44.	श्रीमती सीमा शर्मा	नरसिंहपुर
45.	श्री व्ही. के. बाथम	सागर
46.	श्री संजय दुबे	टीकमगढ़
47.	श्री अनुरुद्ध मुकर्जी	अनूपपुर
48.	श्री जब्बार ढाकवाला	डिण्डोरी
49.	श्री मनीष रस्तोगी	छिंदवाड़ा
50.	श्री सुभाष जैन	दतिया

आर. डी. साहू, अपर सचिव.

भोपाल, दिनांक 8 अप्रैल 2010

क्र. एफ-19-36-2010-एक-4.—उपरोक्त विषयक् पूर्व में जारी इस विभाग के समसंख्यक ज्ञापन दिनांक 1 अप्रैल 2010 की प्रति संलग्न है. जारी किये निर्देशों में निम्नानुसार संशोधित करते हुए उनके नाम के समक्ष दर्शाया गया जिला आवंटित किया जाता है :—

स.क्र.	अधिकारी का नाम एवं पद	पूर्व आवंटित जिला	वर्तमान आवंटित जिला
(1)	(2)	(3)	(4)
1	श्री आर. परशुराम, प्रमुख सचिव	अलीराजपुर	रतलाम
2	श्रीमती स्नेहलता श्रीवास्तव, प्रमुख सचिव	मंदसौर	छिंदवाड़ा

(1)	(2)	(3)	(4)
3	श्री अनिल श्रीवास्तव, प्रमुख सचिव	सीधी	कटनी
4	श्री ओमेश मूंदड़ा, सचिव	कटनी	सीधी
5	श्री विश्वमोहन उपाध्याय, सचिव	–	भिण्ड
6	अश्विनी राय, सचिव	–	नरसिंहपुर
7	श्री एन. एस. व्यास, अपर सचिव	–	श्योपुर
8	श्री अमित राठौर, अपर सचिव	–	अलीराजपुर
9	श्री मनीष सिंह, अपर सचिव	–	मंदसौर
10	श्री संतोष मिश्रा उपसचिव.	–	अनूपपुर

सुदेश कुमार, प्रमुख सचिव.

भोपाल, दिनांक 8 अप्रैल 2010

क्र. एफ-3-3-2009-एक-4.—भारत सरकार, गृह मंत्रालय की अधिसूचना क्रमांक 20-25-56-पब-एक, दिनांक 8 जून 1957 के साथ पढ़ी गई परक्राम्य लिखत अधिनियम (निगोशिएबल इन्स्ट्रूमेंट्स एक्ट) 1881 (1881 का क्रमांक 26) की धारा 25 के स्पष्टीकरण द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, राज्य शासन द्वारा इस विभाग की अधिसूचना दिनांक 6 नवम्बर 2009 के अनुक्रम में डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती बुधवार, दिनांक 14 अप्रैल 2010 को सम्पूर्ण मध्यप्रदेश में सार्वजनिक अवकाश का दिन घोषित करता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
ए. एस. पगारे, उपसचिव.

वन विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 22 मार्च 2010

क्र. एफ-7-1-92-दस-4.—सुश्री बी. मुनेम्मा (भावसे-1988) वर्तमान में वन संरक्षक (कार्यआयोजना) सिवनी द्वारा अपना नाम परिवर्तन करने का अनुरोध किया है. इस हेतु उनके द्वारा निम्नलिखित जानकारी प्रस्तुत की है :—

1. निर्धारित प्रपत्र में डीड
2. स्थानीय समाचार-पत्र में नाम परिवर्तन की सूचना
3. मध्यप्रदेश राजपत्र में नाम परिवर्तन की सूचना प्रकाशन हेतु चालान द्वारा जमा राशि की प्रति.
4. कुल नाम बदलने संबंधी विलेख पूर्ण कराकर दो राजपत्रित अधिकारियों के हस्ताक्षर मय मुद्रा सहित की प्रति.

(2) उक्त अनुरोध पर विचारोपरान्त राज्य शासन सुश्री बी. मुनेम्मा का नाम निम्नानुसार परिवर्तन की अनुमति प्रदान करता है :—

पूर्व नाम—बी. मुनेम्मा
परिवर्तित नाम—ए. गौतमी

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
के. के. कातिया, अवर सचिव.

विधि और विधायी कार्य विभाग

भोपाल, दिनांक 6 अप्रैल 2010

फा. क्र. 1(बी)-23-04-इक्कीस-ब(दो).—दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 (क्रमांक 2 सन् 1974) की धारा 24 की उपधारा (3) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए राज्य शासन, एतद्द्वारा, श्री दिनेश प्रसाद त्रिपाठी पुत्र स्व. श्री श्यामलाल त्रिपाठी को उनके कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से एक वर्ष की अवधि के लिये उमरिया सत्र खण्ड के उमरिया राजस्व जिले के लिये अतिरिक्त लोक अभियोजक नियुक्त करता है, तथापि यह नियुक्ति एक माह का सूचना पत्र देकर बिना कोई कारण बताये समाप्त की जा सकती है.

भोपाल, दिनांक 13 अप्रैल 2010

फा. क्र. 1(बी)-30-04-इक्कीस-ब(दो).—राज्य शासन इस विभाग के समसंख्यक आदेश दिनांक 22 मार्च 2007 द्वारा नियुक्त श्री पवन कुमार दुबे, शासकीय अभिभाषक/लोक अभियोजक, रीवा के कार्यकाल में कार्यकाल समाप्त होने के दिनांक 22 मार्च 2010 से तीन वर्ष अर्थात् दिनांक 22 मार्च 2013 तक की वृद्धि करता है.

यह वृद्धि इस शर्त के अधीन है कि यह नियुक्ति एक माह का सूचना-पत्र देकर बिना कोई कारण बताये समाप्त की जा सकेगी.

भोपाल, दिनांक 15 अप्रैल 2010

फा. क्र. 1(बी)-01-08-04-इक्कीस-ब(दो).—दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 (क्रमांक 2 सन् 1974) की धारा 24 की उपधारा (3) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य शासन,

एतद्द्वारा, श्री राजेन्द्र कुमार बढ़ौलिया पुत्र स्व. श्री कढ़ोरीलाल बढ़ौलिया को उनके कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से एक वर्ष की अवधि के लिये पन्ना सत्र खण्ड के पवई तहसील जिला पन्ना के लिये अतिरिक्त लोक अभियोजक नियुक्त करता है, तथापि यह नियुक्ति एक माह का सूचना-पत्र देकर बिना कोई कारण बताये समाप्त की जा सकती है.

फा.क्र. 1(बी)-08-04-इक्कीस-ब(दो).—राज्य शासन, एतद्द्वारा, श्री राजेन्द्र कुमार बढ़ौलिया, अधिवक्ता को उनके द्वारा कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से एक वर्ष की अवधि के लिये पन्ना सत्र खण्ड के पवई तहसील जिला पन्ना के लिए अतिरिक्त शासकीय अभिभाषक, पन्ना नियुक्त करता है.

फा.क्र. 17(ई)-116-2008-इक्कीस-ब(दो).—द्वारा, श्री राजेन्द्र कुमार चौदहा, अधिवक्ता को जिला मुख्यालय, कटनी में नोटरी व्यवसाय करने हेतु दिनांक 28 जून 2008 को नोटरी व्यवसाय प्रमाण-पत्र जारी किया गया था, परन्तु रिट अपील क्रमांक 167/2009, 146/2009, 239/2009, 274/2009, 470/2009, 476/2009, 477/2009, 487/2009, 539/2009 एवं 541/2009 में माननीय उच्च न्यायालय, जबलपुर द्वारा पारित आदेश दिनांक 19 फरवरी 2010 के पालन में आदेश जारी होने की दिनांक से जिला मुख्यालय, कटनी में नोटरी व्यवसाय करने का उनका प्रमाण-पत्र निरस्त किया जाता है तथा उनका नाम नोटरी पंजीयन रजिस्टर से विलोपित किया जाता है.

फा.क्र. 17(ई)-117-2008-इक्कीस-ब(दो).—द्वारा, श्री श्रेय ज्योति खरे, अधिवक्ता को जिला मुख्यालय, कटनी में नोटरी व्यवसाय करने हेतु दिनांक 28 जून 2008 को नोटरी व्यवसाय प्रमाण-पत्र जारी किया गया था, परन्तु रिट अपील क्रमांक 167/2009, 146/2009, 239/2009, 274/2009, 470/2009, 476/2009, 477/2009, 487/2009, 539/2009 एवं 541/2009 में माननीय उच्च न्यायालय, जबलपुर द्वारा पारित आदेश दिनांक 19 फरवरी 2010 के पालन में आदेश जारी होने की दिनांक से जिला मुख्यालय, कटनी में नोटरी व्यवसाय करने का उनका प्रमाण-पत्र निरस्त किया जाता है तथा उनका नाम नोटरी पंजीयन रजिस्टर से विलोपित किया जाता है.

फा.क्र. 17(ई)-118-2008-इक्कीस-ब(दो).—द्वारा, श्री संजय कुमार गुप्ता, अधिवक्ता को जिला मुख्यालय, कटनी में नोटरी व्यवसाय करने हेतु दिनांक 28 जून 2008 को नोटरी व्यवसाय प्रमाण-पत्र जारी किया गया था, परन्तु रिट अपील क्रमांक 167/2009, 146/2009, 239/2009, 274/2009, 470/2009, 476/2009, 477/2009, 487/2009, 539/2009 एवं 541/2009 में माननीय उच्च न्यायालय, जबलपुर द्वारा पारित आदेश दिनांक 19 फरवरी 2010 के पालन में आदेश जारी होने की दिनांक से जिला मुख्यालय, कटनी में नोटरी व्यवसाय करने का उनका प्रमाण-पत्र निरस्त किया जाता है तथा उनका नाम नोटरी पंजीयन रजिस्टर से विलोपित किया जाता है.

फा.क्र. 17(ई)-119-2008-इक्कीस-ब(दो).—द्वारा, श्री उमेश कुमार मिश्रा, अधिवक्ता को जिला मुख्यालय, कटनी में नोटरी व्यवसाय करने हेतु दिनांक 28 जून 2008 को नोटरी व्यवसाय प्रमाण-पत्र जारी किया गया था, परन्तु रिट अपील क्रमांक 167/2009, 146/2009, 239/2009, 274/2009, 470/2009, 476/2009, 477/2009, 487/2009, 539/2009 एवं 541/2009 में माननीय उच्च न्यायालय, जबलपुर द्वारा पारित आदेश दिनांक 19 फरवरी 2010 के पालन में आदेश जारी होने की दिनांक से जिला मुख्यालय, कटनी में नोटरी व्यवसाय करने का उनका प्रमाण-पत्र निरस्त किया जाता है तथा उनका नाम नोटरी पंजीयन रजिस्टर से विलोपित किया जाता है.

फा.क्र. 17(ई)-120-2008-इक्कीस-ब(दो).—द्वारा, श्री गुरूदत्त दुबे, अधिवक्ता को तहसील ढीमरखेड़ा, जिला कटनी में नोटरी व्यवसाय करने हेतु दिनांक 28 जून 2008 को नोटरी व्यवसाय प्रमाण-पत्र जारी किया गया था, परन्तु रिट अपील क्रमांक 167/2009, 146/2009, 239/2009, 274/2009, 470/2009, 476/2009, 477/2009, 487/2009, 539/2009 एवं 541/2009 में माननीय उच्च न्यायालय, जबलपुर द्वारा पारित आदेश दिनांक 19 फरवरी 2010 के पालन में आदेश जारी होने की दिनांक से तहसील ढीमरखेड़ा, जिला कटनी में नोटरी व्यवसाय करने का उनका प्रमाण-पत्र निरस्त किया जाता है तथा उनका नाम नोटरी पंजीयन रजिस्टर से विलोपित किया जाता है.

फा.क्र. 17(ई)-121-2008-इक्कीस-ब(दो).—द्वारा, श्री शिवकुमार सोनी, अधिवक्ता को तहसील बहोरीबंद, जिला कटनी में नोटरी व्यवसाय करने हेतु दिनांक 28 जून 2008 को नोटरी व्यवसाय प्रमाण-पत्र जारी किया गया था, परन्तु रिट अपील क्रमांक 167/2009, 146/2009, 239/2009, 274/2009, 470/2009, 476/2009, 477/2009, 487/2009, 539/2009 एवं 541/2009 में माननीय उच्च न्यायालय, जबलपुर द्वारा पारित आदेश दिनांक 19 फरवरी 2010 के पालन में आदेश जारी होने की दिनांक से तहसील बहोरीबंद जिला कटनी में नोटरी व्यवसाय करने का उनका प्रमाण-पत्र निरस्त किया जाता है तथा उनका नाम नोटरी पंजीयन रजिस्टर से विलोपित किया जाता है.

फा.क्र. 17(ई)-122-2008-इक्कीस-ब(दो).—द्वारा, श्री सुरेज सिंह सेंगर, अधिवक्ता को तहसील बहोरीबंद, जिला कटनी में नोटरी व्यवसाय करने हेतु दिनांक 28 जून 2008 को नोटरी व्यवसाय प्रमाण-पत्र जारी किया गया था, परन्तु रिट अपील क्रमांक 167/2009, 146/2009, 239/2009, 274/2009, 470/2009,

476/2009, 477/2009, 487/2009, 539/2009 एवं 541/2009 में माननीय उच्च न्यायालय, जबलपुर द्वारा पारित आदेश दिनांक 19 फरवरी 2010 के पालन में आदेश जारी होने की दिनांक से तहसील बहोरीबंद, जिला कटनी में नोटरी व्यवसाय करने का उनका प्रमाण-पत्र निरस्त किया जाता है तथा उनका नाम नोटरी पंजीयन रजिस्टर से विलोपित किया जाता है.

फा.क्र. 17(ई)-123-2008-इक्कीस-ब(दो).—द्वारा, श्री ओमप्रकाश श्रीवास्तव, अधिवक्ता को तहसील रीठी, जिला कटनी में नोटरी व्यवसाय करने हेतु दिनांक 28 जून 2008 को नोटरी व्यवसाय प्रमाण-पत्र जारी किया गया था, परन्तु रिट अपील क्रमांक 167/2009, 146/2009, 239/2009, 274/2009, 470/2009, 476/2009, 477/2009, 487/2009, 539/2009 एवं 541/2009 में माननीय उच्च न्यायालय, जबलपुर द्वारा पारित आदेश दिनांक 19 फरवरी 2010 के पालन में आदेश जारी होने की दिनांक से तहसील रीठी, जिला कटनी में नोटरी व्यवसाय करने का उनका प्रमाण-पत्र निरस्त किया जाता है तथा उनका नाम नोटरी पंजीयन रजिस्टर से विलोपित किया जाता है.

फा.क्र. 17(ई)-124-2008-इक्कीस-ब(दो).—द्वारा, श्री भगवानदास राठौर, अधिवक्ता को तहसील बड़वारा, जिला कटनी में नोटरी व्यवसाय करने हेतु दिनांक 28 जून 2008 को नोटरी व्यवसाय प्रमाण-पत्र जारी किया गया था, परन्तु रिट अपील क्रमांक 167/2009, 146/2009, 239/2009, 274/2009, 470/2009, 476/2009, 477/2009, 487/2009, 539/2009 एवं 541/2009 में माननीय उच्च न्यायालय, जबलपुर द्वारा पारित आदेश दिनांक 19 फरवरी 2010 के पालन में आदेश जारी होने की दिनांक से तहसील बड़वारा, जिला कटनी में नोटरी व्यवसाय करने का उनका प्रमाण-पत्र निरस्त किया जाता है तथा उनका नाम नोटरी पंजीयन रजिस्टर से विलोपित किया जाता है.

फा.क्र. 17(ई)-125-2008-इक्कीस-ब(दो).—द्वारा, श्री कमलेश कुमार जायसवाल, अधिवक्ता को तहसील बड़वारा, जिला कटनी में नोटरी व्यवसाय करने हेतु दिनांक 28 जून 2008 को नोटरी व्यवसाय प्रमाण-पत्र जारी किया गया था, परन्तु रिट अपील क्रमांक 167/2009, 146/2009, 239/2009, 274/2009, 470/2009, 476/2009, 477/2009, 487/2009, 539/2009 एवं 541/2009 में माननीय उच्च न्यायालय, जबलपुर द्वारा पारित आदेश दिनांक 19 फरवरी 2010 के पालन में आदेश जारी होने की दिनांक से तहसील बड़वारा, जिला कटनी में नोटरी व्यवसाय करने का उनका प्रमाण-पत्र निरस्त किया जाता है तथा उनका नाम नोटरी पंजीयन रजिस्टर से विलोपित किया जाता है.

फा.क्र. 17(ई)-126-2008-इक्कीस-ब(दो).—द्वारा, श्री राजेश कुमार मिश्रा, अधिवक्ता को तहसील बरही, जिला कटनी में नोटरी व्यवसाय करने हेतु दिनांक 28 जून 2008 को नोटरी व्यवसाय प्रमाण-पत्र जारी किया गया था, परन्तु रिट अपील क्रमांक 167/2009, 146/2009, 239/2009, 274/2009, 470/2009, 476/2009, 477/2009, 487/2009, 539/2009 एवं 541/2009 में माननीय उच्च न्यायालय, जबलपुर द्वारा पारित आदेश दिनांक 19 फरवरी 2010 के पालन में आदेश जारी होने की दिनांक से तहसील बरही, जिला कटनी में नोटरी व्यवसाय करने का उनका प्रमाण-पत्र निरस्त किया जाता है तथा उनका नाम नोटरी पंजीयन रजिस्टर से विलोपित किया जाता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,

ए. जे. खान, सचिव.

भोपाल, दिनांक 13 अप्रैल 2010

फा. क्र. 1(बी)-6-05-इक्कीस-ब(दो).—द्वारा, राज्य शासन, श्री ज्ञानेन्द्र तिवारी, अति. शास. अभिभाषक/अति. लोक अभियोजक को श्री राजकुमार उरमलिया के स्थान पर अस्थायी रूप से शासकीय अभिभाषक के पद पर नियुक्ति हेतु नवीन पैनल प्राप्त होने तक अपने कार्य के अतिरिक्त ''शासकीय अभिभाषक/लोक अभियोजक'' का कार्य करने की अनुमति दी जाती है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,

भूपेन्द्र कुमार निगम, अपर सचिव.

वाणिज्य, उद्योग और रोजगार विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 9 अप्रैल 2010

क्र. एफ 13-6-10-अ-ग्यारह.—इंडियन बायलर्स एक्ट, 1923 की धारा-34 (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, राज्य शासन, अमरकंटक ताप विद्युत् गृह क्रमांक 3 की इकाई क्रमांक 5 के वाष्पयंत्र क्रमांक एमपी/4713 को निम्नलिखित शर्तों पर उक्त अधिनियम की धारा 6(सी) के उपबन्धों के प्रवर्तन से दिनांक 8 मार्च 2010 से 7 सितम्बर 2010 तक छः माह के लिये छूट देता है :—

1. संदर्भाधीन बायलर को पहुंचने वाली किसी भी हानि की सूचना भारतीय बायलर्स अधिनियम, 1923 की धारा 18(1) की अपेक्षानुसार तत्काल बायलर मुख्य निरीक्षक मध्यप्रदेश, इंदौर को दी जावेगी एवं दुर्घटना होने के दिनांक से छूट की मान्यता समाप्त समझी जावेगी.

2. उपर्युक्त अधिनियम की धारा 02 तथा 13 की अपेक्षानुसार बायलर मुख्य निरीक्षक मध्यप्रदेश के पूर्वानुमोदन के बिना संदर्भाधीन बायलर में किसी प्रकार का संरचनात्मक परिवर्तन अथवा नवीनीकरण नहीं किया जावेगा.

3. संदर्भाधीन बायलर का सरसरी दृष्टि से निरीक्षण किये जाने पर यदि यह खतरनाक स्थिति में पाया गया तो यह छूट समाप्त हो जावेगी.

4. नियत कालिक सफाई और नियमित रूप से गैस निकलने (रेग्युलर ब्लोडाऊन) का कार्य किया जावेगा और उसका अभिलेख रखा जावेगा.

5. मध्यप्रदेश बायलर निरीक्षक नियम, 1969 के नियम 6 की अपेक्षानुसार संदर्भाधीन बायलर के संबंध में वार्षिक निरीक्षण शुल्क अग्रिम दी जावेगी एवं

6. यदि राज्य शासन आवश्यक समझे तो प्रश्नांकित छूट में संशोधन कर सकता है अथवा उसे वापस ले सकता है.

क्र. एफ 13-7-10-अ-ग्यारह.—इंडियन बायलर्स एक्ट, 1923 की धारा-34 (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, राज्य शासन, अमरकंटक ताप विद्युत् गृह क्रमांक 2 की इकाई क्रमांक 3 के वाष्पयंत्र क्रमांक एमपी/4264 को निम्नलिखित शर्तों पर उक्त अधिनियम की धारा 6(सी) के उपबन्धों के प्रवर्तन से दिनांक 13 मार्च 2010 से 12 जुलाई 2010 तक चार माह के लिये छूट देता है :—

1. संदर्भाधीन बायलर को पहुंचने वाली किसी भी हानि की सूचना भारतीय बायलर्स अधिनियम, 1923 की धारा 18(1) की अपेक्षानुसार तत्काल बायलर मुख्य निरीक्षक मध्यप्रदेश, इंदौर को दी जावेगी एवं दुर्घटना होने के दिनांक से छूट की मान्यता समाप्त समझी जावेगी.

2. उपर्युक्त अधिनियम की धारा 02 तथा 13 की अपेक्षानुसार बायलर मुख्य निरीक्षक मध्यप्रदेश के पूर्वानुमोदन के बिना संदर्भाधीन बायलर में किसी प्रकार का संरचनात्मक परिवर्तन अथवा नवीनीकरण नहीं किया जावेगा.

3. संदर्भाधीन बायलर का सरसरी दृष्टि से निरीक्षण किये जाने पर यदि यह खतरनाक स्थिति में पाया गया तो यह छूट समाप्त हो जावेगी.

4. नियत कालिक सफाई और नियमित रूप से गैस निकलने (रेग्युलर ब्लोडाऊन) का कार्य किया जावेगा और उसका अभिलेख रखा जावेगा.

5. मध्यप्रदेश बायलर निरीक्षक नियम, 1969 के नियम 6 की अपेक्षानुसार संदर्भाधीन बायलर के संबंध में वार्षिक निरीक्षण शुल्क अग्रिम दी जावेगी एवं

6. यदि राज्य शासन आवश्यक समझे तो प्रश्नांकित छूट में संशोधन कर सकता है अथवा उसे वापस ले सकता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
भरत कुमार व्यास, अपर सचिव.

गृह (सामान्य) विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 12 अप्रैल 2010

क्र. एफ. 10-2-2008-दोए (3).—नागरिकता (नागरिकों का पंजीकरण तथा राष्ट्रीय पहचान-पत्र जारी करना) नियमावली, 2003 के नियम 3 के साथ पठित नागरिकता अधिनियम, 1955 की धारा 18 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, राज्य शासन एतद्द्वारा, मध्यप्रदेश, राज्य में जनसंख्या रजिस्टर तैयार करने का निर्णय लेती है तथा स्थानीय रजिस्ट्रार के क्षेत्राधिकार में सामान्य तौर पर रहने वाले सभी व्यक्तियों के आंकड़ों को एकत्रित करने के लिए क्षेत्र कार्य 7 मई 2010 तथा 22 जून 2010 के बीच किया जाएगा.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
रेनु तिवारी, उपसचिव.

भोपाल, दिनांक 12 अप्रैल 2010

पृ.क्र. एफ. 10-2-2008-दोए (3).—भारत के संविधान के अनुच्छेद 348 के खण्ड (3) के अनुसरण में, इस विभाग की समसंख्यक अधिसूचना दिनांक 12 अप्रैल 2010 का अंग्रेजी अनुवाद राज्यपाल के प्राधिकार से एतद्द्वारा प्रकाशित किया जाता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
रेनु तिवारी, उपसचिव.

Bhopal, the 12th April 2010

No.F.-10-2-2008-II A(3).—In exercise of the powers conferred by Section 18 of the Citizenship Act, 1955 read with Rule 3 of the Citizenship (Registration of Citizens and Issue of National Identity Cards) Rules, 2003 the State Government hereby decides to prepare the Population Register in the State of Madhya Pradesh and the field work for data collection relating to all

persons who are usually residing within the jurisdiction of their respective Local Registrars shall be undertaken between the 7th May 2010 and 22nd June 2010.

By order and in the name of Governor of
Madhya Pradesh,
RENU TIWARI, Dy. Secy.

भोपाल, दिनांक 12 अप्रैल 2010

क्र. एफ. 10-2-2008-दोए (3).—जनगणना नियमावली, 1990 के नियम 6क के साथ पठित जनगणना अधिनियम, 1948 (1948 का 37) की धारा 3 एवं धारा 17क के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, राज्य शासन, एतद्द्वारा घोषणा करती है कि भारत की जनगणना 2011 से संबंधित मकानसूचीकरण का कार्य 7 मई 2010 से 22 जून 2010 तक मध्यप्रदेश राज्य में किया जाएगा.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
रेनु तिवारी, उपसचिव.

भोपाल, दिनांक 12 अप्रैल 2010

पृ.क्र. एफ. 10-2-2008-दोए (3).—भारत के संविधान के अनुच्छेद 348 के खण्ड (3) के अनुसरण में, इस विभाग की समसंख्यक अधिसूचना दिनांक 12 अप्रैल 2010 का अंग्रेजी अनुवाद राज्यपाल के प्राधिकार से एतद्द्वारा प्रकाशित किया जाता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
रेनु तिवारी, उपसचिव.

Bhopal, the 12th April 2010

No.F.-10-2-2008-IIA(3).—In exercise of the powers conferred by Section 3 and Section 17A of the Census Act, 1948 (37 of 1948) read with rule 6A of the Census Rules, 1990 the State Government hereby declares that the Houselisting Operations of Census of India 2011 shall take place from 7th May 2010 to 22nd June 2010 in the State of Madhya Pradesh.

By order and in the name of Governor of
Madhya Pradesh,
RENU TIWARI, Dy. Secy.

भोपाल, दिनांक 12 अप्रैल 2010

क्र. एफ. 10-2-2008-दोए (3).—जनगणना अधिनियम, 1948 (1948 का 37) की धारा 8 की उपधारा (1) के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, राज्य शासन, एतद्द्वारा, अनुदेश देती है कि सभी जनगणना अधिकारी उनकी नियुक्ति से संबंधित स्थानीय क्षेत्रों की सीमाओं के भीतर भारत की जनगणना 2011 के संबंध में मकानसूचीकरण तथा मकानों की गणना अनुसूचियों के माध्यम से जानकारी एकत्र करने के लिए नीचे उल्लिखित मदों के संबंध में सभी व्यक्तियों से इस प्रकार के प्रश्न पूछें, अर्थात्:—

1. भवन नम्बर (नगर अथवा स्थानीय प्राधिकरण अथवा जनगणना नम्बर).
2. जनगणना मकान नम्बर
3. जनगणना मकान के फर्श, दीवार तथा छत में प्रयुक्त प्रमुख सामग्री.
4. जनगणना मकान के उपयोग का पता लगाएं
5. जनगणना मकान की हालत
6. परिवार क्रमांक
7. इस परिवार में सामान्यत: रहने वाले व्यक्तियों की कुल संख्या:—
   (i) व्यक्ति
   (ii) पुरुष
   (iii) स्त्री
8. परिवार के मुखिया का नाम
9. लिंग
10. यदि अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य से संबंधित हों.
11. इस मकान के स्वामित्व की स्थिति
12. इस परिवार के पास रहने के लिए उपलब्ध कमरों की संख्या.
13. परिवार में रहने वाले विवाहित दम्पत्तियों की संख्या
14. पेयजल का मुख्य स्त्रोत
15. पेयजल स्त्रोत की उपलब्धता
16. प्रकाश का मुख्य स्त्रोत
17. परिसर के भीतर शौचालय
18. शौचालय की सुविधा का प्रकार
19. गन्दे पानी की निकासी
20. स्नानगृह की सुविधा
21. रसोई घर

22. खाना पकाने के लिए प्रयुक्त ईंधन

23. रेडियो/ट्रांजिस्टर

24. टेलीविजन

25. कम्प्यूटर/लैपटॉप

26. टेलीफोन/मोबाइल फोन

27. साइकिल

28. स्कूटर/मोटर साइकिल/मोपेड

29. कार/जीप/वैन

30. बैंकिंग सेवा का उपयोग कर रहे हैं.

टिप्पणी.—मद सं. 1 से 5 भवन के विवरणों से, मद सं. 6 से 7 परिवार के विवरणों (पूर्णत: अथवा अंशत: आवासीय उपयोग में लाए गए जनगणना मकान के लिए) से, मद सं. 8 से 10 परिवार के मुखिया से और मद सं. 9 से 30 केवल सामान्य परिवार से संबंधित है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
रेनु तिवारी, उपसचिव.

भोपाल, दिनांक 12 अप्रैल 2010

पृ.क्र. एफ. 10-2-2008-दोए (3).—भारत के संविधान के अनुच्छेद 348 के खण्ड (3) के अनुसरण में, इस विभाग की समसंख्यक अधिसूचना दिनांक 12 अप्रैल 2010 का अंग्रेजी अनुवाद राज्यपाल के प्राधिकार से एतद्द्वारा प्रकाशित किया जाता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
रेनु तिवारी, उपसचिव.

Bhopal, the 12th April 2010

No.F.-10-2-2008-IIA(3).—In exercise of the powers conferred by sub-section (1) of Section 8 of the Census Act, 1948 (37 of 1948), the State Government hereby instructs that all Census Officers may, within the limits of the local areas for which they have been respectively appointed, ask all such questions from all persons on the items enumerated below for collecting information through the Housèlisting and Housing Census Schedules in Connection with the Census of India 2011, namely:—

1. Building number (Municipal or local authority or census number).

2. Census House number.

3. Predominant material of floor, wall and roof of the census house.

4. Ascertain the use of census house.

5. Condition of the census house.

6. Household Number.

7. Total number of persons normally residing in the household:

   (i) Persons

   (ii) Males

   (iii) Females

8. Name of the head of the household.

9. Sex.

10. If Scheduled Caste/Scheduled Tribe/Others.

11. Ownership status of the house

12. Number of dwelling rooms exclusively in possession of the household.

13. Number of married couple(s) living in the household.

14. Main source of drinking water.

15. Availability of drinking water source.

16. Main source of lighting.

17. Latrine within the premises.

18. Type of latrine facility.

19. Waste water outlet.

20. Bathing facility.

21. Kitchen.

22. Fuel used for cooking.

23. Radio/Transistor.

24. Television.

25. Computer/Laptop.

26. Telephone/Mobile phone.

27. Bicycle.

28. Scooter/Motor Cycle/Moped.

29. Car/Jeep/Van.

30. Availing banking Services.

Note.—Items 1 to 5 relate to Building particulars, items 6 to 7 relate to Household particulars (for census house used wholly or partly as a residence), items 8 to 10 relate to Head of the Household and items 9 to 30 relate only to Normal Households.

By order and in the name of Governor of
Madhya Pradesh,
RENU TIWARI, Dy. Secy.

भोपाल, दिनांक 12 अप्रैल 2010

क्र. एफ. 10-2-2008-दोए (3).—जनगणना अधिनियम, 1948 (1948 का 37) के तहत बने जनगणना नियम, 1990 के नियम 8(ii) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, राज्य सरकार निर्देश देती है कि राज्य के सभी लोग भारत की जनगणना 2011 के लिए जनगणना अधिकारी को अधिनियम की धारा 8, 9 एवं 10 में विहित की गई रीति से पूछे गये प्रश्नों की यथार्थ एवं स्पष्ट जानकारी देने में सहयोग प्रदान करें.

ऐसा कोई व्यक्ति जो जनगणना 2011 के लिये पूछे गए प्रश्नों की यथार्थ एवं स्पष्ट जानकारी देने में सहयोग प्रदान नहीं करता है वह अधिनियम की धारा 11 के अन्तर्गत दण्ड का भागी होगा.

आम जनता की जानकारी के लिए जनगणना अधिनियम की धारा 8, 9, 10 एवं 11 पुनः यहां उद्दत की जाती है:—

प्रश्नों का पूछा जाना और उत्तर देने की बाध्यता (धारा 8)

8(1) जनगणना अधिकारी उस स्थानीय क्षेत्र की सीमा में, जिसके लिए उसकी नियुक्ति की गई है सभी व्यक्तियों से ऐसे सभी प्रश्न पूछ सकेगा जिन्हें पूछने के लिए, उसे केन्द्रीय सरकार द्वारा इस निमित्त जारी और राजपत्र में प्रकाशित किए गए अनुदेशों द्वारा, निर्दिष्ट किया जाए.

(2) ऐसा प्रत्येक व्यक्ति, जिससे उपधारा (1) के अधीन कोई प्रश्न पूछा जाता है, अपनी सर्वोत्तम जानकारी या विश्वास के अनुसार उस प्रश्न का उत्तर देने के लिए वैध रूप से आबद्ध होगा;

परन्तु कोई भी व्यक्ति अपने परिवार के किसी स्त्री सदस्य का नाम बताने के लिए आबद्ध नहीं होगा, और कोई भी स्त्री अपने पति या मृत पति का अथवा ऐसे किसी अन्य व्यक्ति का नाम बताने के लिए आबद्ध नहीं होगी जिसका नाम बताने के लिए वह रूढ़ि द्वारा निषिद्ध की गई हो.

अधिभोगी प्रवेश करने और संख्यांक अंकित करने देगा. (धारा 9)

किसी गृह, अहाते, जलयान या अन्य स्थान का अधिभोग करने वाला प्रत्येक व्यक्ति, जनगणना अधिकारियों को उसमें ऐसा प्रवेश करने देने की अनुज्ञा देगा जिसकी वे जनगणना के प्रयोजनों के लिए अपेक्षा करें तथा जो देश की रूढ़ियों को ध्यान में रखते हुए युक्तियुक्त हों, और वह उनको ऐसे अक्षरों, चिन्हों या संख्यांकों से जो जनगणना के प्रयोजनों के लिए आवश्यक हों, उस स्थान को अंकित करने की, या उनको उस स्थान पर लगाने देने की अनुज्ञा देगा.

अधिभोगी या प्रबंधक द्वारा अनुसूची का भरा जाना. (धारा 10)

10(1) ऐसे आदेशों के अधीन रहते हुए जैसे जनगणना आयुक्त इस निमित्त जारी करे, जनगणना अधिकारी, ऐसे स्थानीय क्षेत्र में जिसके लिए उसकी नियुक्ति की गई है, किसी निवासगृह में या किसी वाणिज्यिक अथवा औद्योगिक स्थापन के प्रबंधक या किसी अधिकारी के पास एक अनुसूची, जनगणना करने के समय, यथास्थिति, ऐसे गृह या उसके किसी भाग में सहवासियों या ऐसे प्रबंधक या अधिकारी के अधीन नियोजित व्यक्तियों के बारे में, ऐसे गृह या उसके किसी विनिर्दिष्ट भाग के अधिभोगी द्वारा या ऐसे प्रबंधक या अधिकारी द्वारा उसमें ऐसी विशिष्टियां, जैसे जनगणना आयुक्त निर्दिष्ट करें, भरने के प्रयोजन के लिए रख सकेगा या रखवा सकेगा.

(2) जब ऐसी अनुसूची इस प्रकार रख दी जाए तब यथास्थिति, उक्त अधिभोगी, प्रबंधक या अधिकारी, पूर्वोक्त समय पर, यथास्थिति, ऐसे गृह या उसके किसी भाग के सहवासियों या उसके अधीन नियोजित व्यक्तियों के संबंध में, उसे अपनी सर्वोत्तम जानकारी या विश्वास के अनुसार भरेगा या भरवाएगा और उस पर अपने हस्ताक्षर करेगा, और जब उससे ऐसी अपेक्षा की जाए तब वह इस प्रकार भरी गई और हस्ताक्षरित अनुसूची, जनगणना अधिकारी को या ऐसे व्यक्ति को जिसे जनगणना अधिकारी निर्दिष्ट करें, परिदत्त करेगा.

शास्तियां (धारा 11)

11(1)[(क)कोई ऐसा जनगणना अधिकारी या जनगणना करने में सहायता देने के लिए विधिपूर्वक अपेक्षित कोई ऐसा व्यक्ति जो

इस अधिनियम या इसके अधीन बनाए गए किसी नियम के अनुसार उस पर अधिरोपित किसी कर्तव्य का पालन करने से इंकार करेगा या कोई ऐसा व्यक्ति जो किसी ऐसे कर्तव्य का पालन करने में अन्य व्यक्ति को प्रतिबाधित या बाधित करेगा, या

(कक) कोई ऐसा जनगणना अधिकारी या जनगणना करने में सहायता देने के लिये विधिपूर्वक अपेक्षित कोई व्यक्ति जो इस अधिनियम या इसके अधीन बनाए गए किसी नियम के अनुसार उस पर अधिरोपित किसी कर्तव्य का पालन करने में या उसको दिये गए किसी आदेश का पालन करने में युक्तियुक्त तत्परता बरतने में उपेक्षा करेगा, या कोई ऐसा व्यक्ति जो किसी ऐसे कर्तव्य का पालन करने में या किसी ऐसे आदेश का पालन करने में अन्य व्यक्ति को प्रतिबाधित या बाधित करेगा, या;].

(घ) कोई ऐसा व्यक्ति, जो जनगणना अधिकारी द्वारा उससे पूछे गए किसी ऐसे प्रश्न का, जिसका उत्तर देने के लिए वह धारा 8 द्वारा वैध रूप से आबद्ध है, साशय मिथ्या उत्तर देगा, या अपनी सर्वोत्तम जानकारी या विश्वास के अनुसार उत्तर देने से इंकार करेगा, या

(ङ) किसी गृह, अहाते, जलयान या अन्य स्थान का अधिभोग करने वाला कोई ऐसा व्यक्ति, जो जनगणना अधिकारी को उसमें ऐसा युक्तियुक्त प्रवेश करने देने से इंकार करेगा जैसा कि वह धारा 9 द्वारा अनुज्ञा देने के लिए अपेक्षित है, या

(च) कोई ऐसा व्यक्ति, जो किन्ही ऐसे अक्षरों, चिन्हों या संख्यांकों को, जिन्हें जनगणना के प्रयोजनों के लिए अंकित किया या लगाया गया है, हटाएगा, मिटाएगा, परिवर्तित करेगा, या उन्हें नुकसान पहुंचाएगा, या

(छ) कोई ऐसा व्यक्ति, जिससे धारा 10 के अधीन अनुसूची भरने की अपेक्षा की गई हो, जानते हुए और बिना पर्याप्त कारण के उस धारा के उपबन्धों को अनुपालन करने में असफल रहेगा, या उसके अधीन कोई मिथ्या विवरणी देगा, या

(ज) कोई ऐसा व्यक्ति, जो जनगणना कार्यालय में अतिचार करेगा जुर्माने से, जो एक हजार रुपये तक का हो सकता है, दण्डनीय होगा और भाग (क), (ख) या (ग) के अधीन दोष सिद्ध होने की दशा में कारावास से भी, जो तीन वर्ष तक का हो सकता है, दण्डनीय होगा.

(2) जो कोई उपधारा (1) के अधीन किसी अपराध का दुष्प्रेरण करेगा, वह जुर्माने से, जो एक हजार रुपये तक का हो सकता है, दण्डनीय होगा.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
रेनु तिवारी, उपसचिव.

भोपाल, दिनांक 12 अप्रैल 2010

पृ.क्र. एफ. 10-2-2008-दोए (3).—भारत के संविधान के अनुच्छेद 348 के खण्ड (3) के अनुसरण में, इस विभाग की समसंख्यक अधिसूचना दिनांक 12 अप्रैल 2010 का अंग्रेजी अनुवाद राज्यपाल के प्राधिकार से एतद्द्वारा प्रकाशित किया जाता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
रेनु तिवारी, उपसचिव.

Bhopal, the 12th April 2010

No.F.-10-2-2008-IIA(3).—In exercise of the powers conferred by rule 8(ii) of Census Rules, 1990 under the Census Act, 1948 (37 of 1948), "the State Government hereby direct all persons in the state to co-operate in furnishing accurate and unambiguous information to the Census Officer for Census of India 2011, according to provisions prescribed in the Section 8, 9 and 10 of the Act.".

Any person who does not co-operate in furnishing accurate and unambiguous information to the questions thus asked by the Census Officers will be liable for punishment under Section 11 of the Act.

The Section 8, 9, 10 and 11 of Census Act is being extracted here again for general public information:—

Asking of Questions and Obligation to Answer (Section 8) 8(1) A Census Officer may ask all such questions of all persons within the limits of the local area for which he is appointed as, by instructions issued in this behalf

by the Central Government and published in the Official Gazette, he may be directed to ask.

(2) Every person of whom any question is asked under sub-section (1) shall be legally bound to answer such question to the best of his knowledge or belief;

Provided that no person shall be bound to state the name of any female member of his household, and no woman shall be bound to state the name of her husband or deceased husband or of any other person whose name she is forbidden by custom to mention.

Occupier to permit Access and affixing of numbers.
(Section 9)

Every person occupying any house, enclosure, vessel or other place shall allow census officer such access thereto as they may require for the purposes of the census and as, having regard to the customs of the country, may be reasonable, and shall allow them to paint on, or affix to, the place such letters, mark or numbers as may be necessary for the purposes of the census.

Occupier or Manager to fill up Schedule.
(Section 10)

10(1) Subject to such orders as the Census Commissioner may issue in this behalf, a census officer may, within the local area for which he is appointed, leave or cause to be left a schedule at any dwelling-house or with the manager or any officer of any commercial or industrial establishment, for the purpose of its being filled up by the occupier of such house or of any specified part thereof or by such manager or officer with such particulars as the Census Commissioner may direct regarding the inmates of such house or part thereof, or the persons employed under such manager or officer, as the case may be, at the time of the taking of the Census.

(2) When such Schedule has been so left, the said occupier, manager or officer, as the case may be, shall fill it up or cause it to be filled up to the best of his knowledge or belief so far as regards the inmates of such house or part thereof or the persons employed under him as the case may be, at the time aforesaid, and shall sign his name thereto and, when so required, shall deliver the Schedule so filled up and signed to the census-officer or to such person as the census-officer may direct.

Penalties
(Section 11)

11(1) [(a) Any census-officer or any person lawfully required to give assistance towards the taking of census who refuses to perform any duty imposed upon him by this Act or any rule made there under, or any person who hinders or obstructs another person in performing any such duty, or

(aa) any census-officer or any person lawfully required to give assistance towards the taking of a census who neglects to use reasonable diligence in performing any duty imposed upon him or in obeying any order issued to him in accordance with this Act or any rule made thereunder, or any person who hinders or obstructs another person in performing any such duty or obeying any such order, or;]

(d) any person who intentionally gives a false answer to, or refuses to answer to the best of his knowledge or belief, any question asked of him by a census officer which he is legally bound by Section 8 to answer, or

(e) any person occupying any house, enclosure, vessel or other place who refuses to allow a census

officer such reasonable aecess thereto as he is required by Section 9 to allow, or

(f) any person who removes, obliterates, alters, or damages any letters, marks or numbers which have been painted or affixed for the purposes of the census, or

(g) any person who, having been required under Section 10 to fill up a Schedule, knowingly and without sufficient eause fails to comply with the provisions of that Section, or makes any false return there under, or

(h) any person who, trespasses into a census shall be punishable with fine which may extend to one thousand rupees and in case of a conviction under part (a), (b) or (c) shall also be punishable with imprisonment which may extend to three years.

(2) Whoever abets any offence under sub-section (1) shall be punishable with fine which may extend to one thousand rupees.

By order and in the name of Governor of Madhya Pradesh,
RENU TIWARI, Dy. Secy.

आवास एवं पर्यावरण विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 19 अप्रैल 2010

क्र. एफ-3-109-2010-बत्तीस.—मध्यप्रदेश नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 (क्रमांक 23, सन् 1973) की धारा 23 "क" की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य सरकार, एतद्द्वारा, इस विभाग की सूचना क्रमांक एफ-3-109-2010-बत्तीस, दिनांक 8 जनवरी 2010 द्वारा उक्त धारा की उपधारा (2) द्वारा अपेक्षित किये गये अनुसार प्रकाशित इन्दौर विकास योजना, 2021 में निम्नलिखित उपांतरण की पुष्टि करती है. उपांतरण ब्यौरे निम्नानुसार हैं:—

उपांतरण विवरण

क्र.	ग्राम	खसरा क्रमांक	क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)	विकास योजना में निर्दिष्ट भू-उपयोग	उपांतरण पश्चात् उपांतरित भू-उपयोग
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
1	कस्बा, इंदौर.	154, 154/1650 158/1649.	15.32 एकड़	औद्योगिक एवं मार्ग.	आवासीय एवं मार्ग शर्त— (1) खान नदी से 30 मीटर तक खुला क्षेत्र छोड़ना होगा. (2) मार्ग विस्तार हेतु भूमि विकास योजना अनुसार छोड़ना होगा. (3) परिसर में स्थित वृक्षों को जहां तक सम्भव हो, बचाया जाये तथा जिन वृक्षों को काटा जाना अपरिहार्य हो, उनके प्रतिस्थापन हेतु 5 नये वृक्ष प्रति काटे गये वृक्ष के मान से हरित क्षेत्र विकसित किया जाना अनिवार्य होगा.
	योग :		15.32 एकड़		

2. उपरोक्त उपांतरण इंदौर विकास योजना 2021 का एकीकृत भाग होगा.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
वर्षा नावलेकर, उपसचिव.

विभाग प्रमुखों के आदेश

कार्यालय, कलेक्टर, जिला होशंगाबाद, मध्यप्रदेश

होशंगाबाद, दिनांक 1 अप्रैल 2010

क्र. 4190-व.लि.-1-2010.—होशंगाबाद जिले में संक्रामक रोग हैजा के फैलने की आशंका के कारण तथा सार्वजनिक स्वास्थ्य सुरक्षा की दृष्टि से यह आवश्यक है कि इस संसर्गिक बीमारी का प्रार्दुभाव और फैलाव की रोकथाम हेतु प्रतिबंधात्मक उपाय तुरंत लागू किये जाए.

अत: मैं निशांत वरवड़े, कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी, जिला होशंगाबाद में मध्यप्रदेश हैजा विनियम-1979 के नियम 3 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए आदेश देता हूं कि:—

1. . अधिसूचित क्षेत्र के सार्वजनिक स्थानों बाजारों उपहार ग्रहों भोजनालय होटलों जनता के लिये खाद्य पदार्थ निर्माण कार्य करने या उनके प्रयोग करने के लिए कायम रखी गई स्थापना में विक्रय या निमूल्य वितरण हेतु उपयोग में लाये गये स्थानों पर:—

(क) बासी मिठाइयों तथा नमकीन वस्तुओं व सड़े-गले फलों व सब्जियां, मास-मछली अण्डों की बिक्री प्रतिनिषिद रहेगी.

(ख) बासी मिठाइयों व नमकीन वस्तुओं, फल सब्जियां, दूध, दही, उबली हुई चाय, काफी, शरबत, मॉस मछली, अण्डे, कुल्फी आईस्क्रीम आदि पदार्थ बर्फ के लड्डू व चूसने वाले तरल पदार्थ बिक्री हेतु खुले नहीं रखे जाएंगे, उन्हें जालीदार ढक्कनों से ढककर अथवा कॉच के बंद शोकेस, बंद अलमारी अथवा पारदर्शी आवरण से ढ़ककर इस प्रकार रखें जावेगें ताकि वे मक्खी, मच्छर आदि जन्तुओं या दूषित हवा से मानव उपयोग के लिये दूषित या अस्वास्थ्यकारक या अनुपयोगी न हो सकें.

2. इस आदेश द्वारा प्रतिबंधित अवधि में घोषित अधिसूचित क्षेत्र के बाहर कोई भी व्यक्ति इस आदेश के चरण-1 (क एवं ख) में उल्लेखित वस्तुओं तथा पकाए गये भोजन को न तो लायेगा न ही ले जायेगा.

इस आदेश द्वारा प्रतिबंधित अवधि में अधिसूचित क्षेत्र के किसी बाजार भवन दुकान स्टाल अथवा खाने-पीने की किसी भी वस्तु के विक्रय या निमूल्य वितरण हेतु उपयोग में लाये जा रहे स्थान प्रवेश करने निरीक्षण करने उनमें विद्यमान ऐसी वस्तु की जांच पड़ताल करने तथा खाने-पीने की ऐसी वस्तु के विक्रय का मानव उपयोग अभिप्रेत है और जो पदार्थ दूषित या अनुपयुक्त है तो दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 95 व 165 में उल्लेख की गई रीति से पाई गई अस्वस्थ्यकारक दूषित व अनुपयुक्त वस्तुओं का अधिग्रहण कराकर हटाने व नष्ट कर या उसके ऐसी रीति से निवर्तन करने के लिए जिससे वह मानव उपयोग में लाये जाने से रोकी जा सके. जनहित में म. प्र. खाद्य अपमिश्रण निवारण नियम, 1962 के नियम 5(5) के अन्तर्गत खाद्य पदार्थों के विक्रय संग्रह एवं निर्माण हेतु जारी किये खाद्य लायसेंस निलंबित और मध्यप्रदेश खाद्य अपमिश्रण निवारण अधिनियम, 1954 की धारा 7 के अन्तर्गत प्रतिबंध किये जायेंगे एवं न्यायालयीन कार्यवाही की जावेगी, धारा 16 के तहत जिसमें दण्ड में सजा एवं जुर्माना का प्रावधान किया गया है. अधिसूचित क्षेत्र में स्थित निम्नलिखित अधिकारियों को प्राधिकृत करता हूं:—

1. समस्त कार्यपालिक दण्डाधिकारी.
2. मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी / सिविल सर्जन सह-मुख्य अस्पताल अधीक्षक जिला चिकित्सा / खण्ड चिकित्सा अधिकारी.
3. मुख्य नगरपालिका अधिकारी.
4. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत/जनपद पंचायत.
5. नंगरपालिका के स्वास्थ्य अधिकारी एवं स्वास्थ्य निरीक्षक
6. खाद्य अधिकारी/खाद्य निरीक्षक.

उपरोक्त उल्लेखित पदाधिकारी अधिसूचित क्षेत्र में किन्हीं भी नालों, नालियों, गटरों, पानी के खड्डों, पोखर, मलकुण्डों, संडासों, संक्रामक वस्त्रों, बिस्तरों, कूड़ा करकट अथवा किसी प्रकार की गंदगी को हटाने, उक्त स्थापन को स्वच्छ और रोग कीटाणु से उसका निवर्तन करने अथवा उसके संबंध में समुचित रोगाणुनाशक पदार्थ का समुचित उपयोग करने के लिये आदेश दे सकेंगे.

यह आदेश जारी होने के दिनांक से प्रभावशील होंगे तथा आगामी छ: माह की अवधि या अन्य आदेश तक, जो भी पहले हो, तक प्रभावशील होंगे.

निशांत वरवड़े, कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी.

मध्यप्रदेश राज्य सहकारी अधिकरण, भोपाल

भोपाल, दिनांक 5 अप्रैल 2010

अधिसूचना

क्र. सह.अधि-रीडर-2010-490.—मध्यप्रदेश राज्य सहकारी अधिकरण विनिमय-2000 के विनिमय क्रमांक -03 अनुसार मध्यप्रदेश राज्य संभागीय मुख्यालय, इन्दौर में माननीय अध्यक्ष, मध्यप्रदेश राज्य सहकारी अधिकरण, भोपाल द्वारा प्रकरणों की सुनवाई हेतु पेशी दिनांक 16 अप्रैल 2010 को नियत की गई है. इस दिवस को पेशी स्थान कार्यालय कमिश्नर इन्दौर, राजस्व संभाग, इन्दौर में समय सुबह 11.00 बजे से शाम 5.00 बजे के बीच होगी. एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित हो.

(मान. अध्यक्ष द्वारा आदेशित)

विमल श्रीवास्तव, रजिस्ट्रार.

कार्यालय, कलेक्टर, जिला दण्डाधिकारी, जिला सीहोर, मध्यप्रदेश

सीहोर, दिनांक 6 अप्रैल 2010

क्र. 3792.—सीहोर जिले में संक्रामक रोग हैजा के फैलने की आशंका के कारण तथा सार्वजनिक स्वास्थ्य सुरक्षा की दृष्टि से यह आवश्यक है कि इस संसर्गिक बीमारियों के प्रादुर्भाव और फैलाव की रोकथाम हेतु प्रतिबंधात्मक उपाय लागू किये जावे.

अतः मैं संदीप यादव, कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी, आपत्तिक हैजा विनियम-1979 के नियम 3 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए सम्पूर्ण सीहोर जिले को मैं अधिसूचित घोषित करता हूं तथा आदेश देता हूं कि:—

(क) अधिसूचित क्षेत्र के सार्वजनिक स्थानों, उपहार गृहों, भोजनालयों, होटलों, जनता के लिये खाद्य और पेय पदार्थों के निर्माण करने या उसके प्रदाय के लिए ली गई स्थापना में विक्रय या निमूल्य वितरण हेतु उपयोग में लाये गये स्थानों पर :—

(1) बासी मिठाइयां या खराब वस्तुओं या सड़े-गले फलों, सब्जियों, मास-मछलियों, अण्डों की बिक्री बंधित रहेगी.

(2) ताजी मिठाइयां, नमकीन, फल, सब्जियों, दूध, दही, उबली चाय, कॉफी, शरबत, मॉस मछली, अण्डे, आईस्क्रीम, कुल्फी आदि खाद्य पदार्थों, वर्फ के लड्डू व चूसने वाले अन्य पदार्थ, बिक्री हेतु खुले नहीं रखे जाएंगे, उन्हें जालीदार ढक्कनों से ढककर इस प्रकार रखें की मक्खी, मच्छर आदि विषाणुओं या दूषित हवा से मानव उपयोग के लिए दूषित अस्वास्थ्यकर अथवा अनुपयोगी न हो सकें.

(ख) इस आदेश द्वारा प्रतिबंध अवधि में घोषित अधिसूचना में ये क्षेत्र से बाहर कोई भी व्यक्ति इस आदेश के चरण-"क" (1) एवं (2) में उल्लेखित वस्तुओं तथा तैयार कर एवं पकाये हुये भोजन जो न तो लायेगा और न ही ले जायेगा.

(ग) इस आदेश के द्वारा प्रतिबंधित अवधि में घोषित अधिसूचित क्षेत्र में किसी भी बाजार, भवन, दुकान, स्टाल अथवा खाने-पीने की किसी भी वस्तु के विक्रय या निमूल्य वितरण हेतु उपयोग में लाये जा रहे स्थानों में प्रवेश करने, विद्यमान ऐसी वस्तुओं की जांच पड़ताल करने तथा खाने की ऐसी वस्तुओं का जो मानव उपयोग के लिये अभिप्रेरित है और अन्य उपयुक्त वस्तुओं के अधिग्रहण करने हटाने व नष्ट करने या ऐसी रीति से निवर्सन करने के लिये जिसमें वह मानव द्वारा उपयोग में लाये जाने से रोका जा सके. अधिसूचित क्षेत्र में स्थित निम्नलिखित अधिकारियों को प्राधिकृत करता हूं :—

1. जिले के समस्त कार्यपालिक दण्डाधिकारी.
2. जिले के ऐसे चिकित्सा पदाधिकारी जो सहायक चिकित्सा अधिकारी के पद के नीचे के स्तर के न हो तथा शासकीय वैध आयुर्वेदिक औषधालय.
3. ऐसे आरक्षी पदाधिकारी जो प्रधान आरक्षक की श्रेणी से नीचे न हो.
4. मुख्य नगरपालिका अधिकारी, सीहोर/आष्टा.
5. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत, सीहोर/आष्टा/बुधनी/इछावर/नसरूल्लागंज.
6. स्वास्थ्य अधिकारी/स्वच्छता निरीक्षक, सीहोर/आष्टा/बुधनी/नसरूल्लागंज/इछावर/श्यामपुर.

